RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 03 सितंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 130 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# पानी का बकाया है 975 करोड़ बिल

## महिला बचत गट वसूलेंगी बिल...

**महिला बचत गट पानी बिल कैसे वसूल करेगी ?**

1. बचत गट की महिलाओं को पानी के बकाया बिल, पता आदि की जानकारी दी जाएगी।
2. बकाया वसूली के लिए महिलाओं को पीओएस (प्वाइंट ऑफ सेल) मशीन या बिल रसीद बुक दी जाएगी।
3. बकाया राशि का भुगतान नहीं करने पर जल कनेक्शन धारक से राशि भुगतान करने का अनुरोध किया जायेगा।
4. साथ ही पानी की लाइनें काटने या भुगतान न होने से क्या हो सकता है, इसकी जानकारी भी दी जाएगी।
5. पानी का बिल भरने के लिए मोबाइल ऐप, पोर्टल आदि विकल्पों की भी जानकारी दी जाएगी।



**मुंबई :** पानी का 975 करोड़ रुपए बिल मुंबई के लोगों पर बकाया बना हुआ है। पानी का बिल भर नहीं रहे है और मनपा कर्मचारी भी बकाया बिल वसूलने में असफल साबित हो रहे हैं। मनपा ने बकाया बिल वसूलने के लिए गांधीगिरी कर बिल वसूलने का निर्णय लिया है। झोपड़पट्टियों से बकाया पानी का बिल वसूलने के लिए मनपा ने महिला बचत गटों का उपयोग करने का निर्णय लिया है। महिलाएं लोगों से पानी का बकाया बिल भरने के लिए अनुरोध करेंगी। इसकी शुरूआत एम ईस्ट वॉर्ड से होगी। मनपा को उम्मीद है कि इस प्रयोग से पानी का बकायेदारों से बिल वसूलने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि मुंबईकरों पर मनपा का मार्च 2016 से अब तक पानी का 975 करोड़ रुपये बकाया बिल बना हुआ है। मनपा अब इस बकाया बिल वसूलने के लिए महिला बचत गट का उपयोग करने का निर्णय लिया है। मनपा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसकी शुरूआत एम पूर्व वॉर्ड के गोवंडी, मानखुर्द , शिवाजी नगर इलाके से किया जाएगा। मनपा यह एक प्रयोग के रूप में बकाया बिल वसूलने के लिए कर रही है। मुंबई की लगभग 60 प्रतिशत आबादी झोपड़पट्टी में रहती है। पिछले पांच सालों में दो लाख से ज्यादा मुंबईकरों ने अपने पानी के बिल का भुगतान समय पर नहीं किया है। इसमें झोपड़ पट्टी में रहने वाले लोगो का प्रमाण अधिक है। समय पर बिल का भुगतान नहीं करने पर हर माह भुगतान राशि का दो प्रतिशत शुल्क लिया जाता है। इस अतिरिक्त राशि से मनपा ने पानी कनेक्शन धारकों को विशेष छूट देने तथा बकाया राशि की वसूली करने तथा जल बिल का समय पर भुगतान करने के लिए 2020 से अभय योजना शुरू की। लेकिन इस योजना का भी ज्यादा लाभ मनपा को नहीं मिला।

मनपा एम पूर्व की सहायक आयुक्त अल्का ससाने ने कहा कि मुंबई बकाया पानी बिल की वसूली के लिए अलग-अलग विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। महिला बचत गटों से बिल वसूली उसी योजना का हिस्सा है। इसकी प्रशासनिक स्वीकृति भी मिल गयी है और इस संबंध में कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। गोवंडी, मानखुर्द और शिवाजी नगर में यह प्रयोग शुरू किया जाएगा इस इलाके में बड़ी झोपड़ पट्टी है। एक से दो महिला स्वयं सहायता समूहों का चयन कर उन्हें जिम्मेदारी दी जाएगी। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से जल कर वसूली के प्रयोग की सफलता के बाद मनपा के अन्य वॉर्ड में इसे लागू किया जाएगा।

## ठाणे में पत्नी को गोली मारने के बाद पति को हार्ट-अटैक आया

### दोनों की मौत, मुंबई के ठाणे की घटना...





**ठाणे :** मुंबई के ठाणे में पत्नी को गोली मारने के बाद पति को हार्ट अटैक आ गया। पत्नी की मौत के थोड़ी देर बाद पति ने भी दम तोड़ दिया। घटना शुक्रवार, 1 सितंबर की रात करीब 10.15 बजे की है। मृतक दंपती की पहचान दिलीप साल्वी (56) और उनकी पत्नी प्रमिला (51) के रूप में की गई। दंपती अपने बेटे के साथ ठाणे के कलवा के कुंभार अली में यशवन्त निवास बिल्डिंग में रहते थे।

**पति के घर लौटते ही दंपती में विवाद शुरू हुआ**


पुलिस ने शनिवार, 2 सितबंर को बताया कि शुक्रवार की रात घर लौटते ही साल्वी का उनकी पत्नी के साथ झगड़ा शुरू हो गया। गुस्से में साल्वी ने अपनी रिवॉल्वर निकाल ली। प्रमिला शोर मचाकर अपने बेटे को बुलाने लगी। इसी बीच साल्वी ने पत्नी पर दो गोलियां चला दीं। जब तक बेटा पहुंचता, तब तब प्रमिला की मौत हो चुकी थी। इसके कुछ देर बाद ही दिलीप साल्वी को भी हार्ट अटैक आ गया और उन्होंने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कलवा में दिलीप साल्वी के परिवार का नाम चर्चित

**मुंबई पुलिस ने बताया कि दिलीप साल्वी कलवा के एक रसूखवदार परिवार से ताल्लुक रखते थे। इस परिवार के कई सदस्य स्थानीय राजनीति और सामाजिक गतिविधियों में जुड़े हैं। साल्वी परिवार के प्रभाव का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इलाके में कई प्रोजेक्ट्स के नाम उनके दिवगंत पिता यशवंत राम साल्वी के नाम पर रखा गया है। फिलहाल, पुलिस घटना की मुख्य वजह का पता लगा रही है।**

## महाराष्ट्र में एनसीपी चीफ शरद पवार के काफिले पर पथराव

### गाड़ी का पिछला शीशा टूटा



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के जालना जिले में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही. अब एनसीपी चीफ शरद पवार के काफिले पर पथराव किया गया है. ये घटना तब हुई जब शरद पवार शनिवार (2 सितंबर) को अंतरवाली गांव से निकल रहे थे. दरअसल, शुक्रवार की रैली के बाद शनिवार सुबह जालना शहर में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हो गई. इसमें संभाजीनगर ग्रामीण पुलिस की टीम पर पथराव किया गया. पुलिस टीम शरद पवार के साथ काफिले में थी. जब इसपर पथराव हुआ. पथराव में पुलिस की गाड़ी का पिछला शीशा टूट गया. ग्रामीण पुलिस बल के डीएसपी देवदत्त भावर की कार में भी तोड़फोड़ की गई है. बता दें कि, महाराष्ट्र के जालना में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर शुक्रवार को हिंसा हुई थी. पुलिस के मुताबिक, हिंसा में करीब 40 पुलिसकर्मी और कुछ अन्य लोग घायल हुए हैं. प्रदर्शनकारियों ने राज्य परिवहन की कम से कम 15 बसों और कुछ निजी वाहनों को आग के हवाले कर दिया. पुलिस ने 360 से ज्यादा लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और हिंसा में कथित तौर पर संलिप्त 16 लोगों की पहचान कर ली गई है. पुलिस ने शुक्रवार को औरंगाबाद से लगभग 75 किलोमीटर दूर अंबाद तहसील में धुले-सोलापुर रोड पर अंतरवाली सारथी गांव में हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े थे. राज्य सरकार ने राजनीतिक रूप से प्रभावशाली मराठा समुदाय के लिए आरक्षण का प्रावधान किया था जिसे सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया था.

## अंडरगार्मेंट से निकला 60 लाख का गोल्ड, मुंबई एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी पर बड़ा एक्शन



**मुंबई :** कस्टम की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर गोल्ड तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। गोल्ड तस्करी के इस मामले में 1 किलो 79 ग्राम गोल्ड बरामद किया गया है। जिसकी कीमत लगभग 60 लाख बताई जा रही है। इस मामले में भारतीय हवाई यात्री को पकड़ा गया है। जो शारजाह से गोल्ड की खेप लेकर मुंबई एयरपोर्ट पहुंचा था। दिल्ली हेडक्वॉर्टर से कस्टम के ऑफिसर से मिली जानकारी के अनुसार गोल्ड को अंडरगारमेंट के बेल्ट वाले हिस्से में बड़े ही सावधानी से उसमें कैविटी बनाकर उसके अंदर छुपाकर रखा गया था। जिससे कस्टम की टीम को पता ना चल सके और आसानी से गोल्ड की तस्करी को अंजाम दिया जा सके।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### राव के योगदान को नकारने की भूल

अक्सर विवादों में रहने वाले कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने फिर से एक नया विवाद छेड़ा है। अपनी हालिया प्रकाशित पुस्तक 'मेमोअर्स आफ ए मैवरिक' में उन्होंने पीवी नरसिंह राव को 'भाजपा का पहला प्रधानमंत्री' बता दिया। कांग्रेस की राजनीतिक विरासत में राव को जिस प्रकार उपेक्षित किया गया, उससे अय्यर की बात पर कोई हैरानी नहीं। देखा जाए तो अय्यर एक तरह से गांधी-नेहरू परिवार के सोच को ही आगे बढ़ा रहे हैं। कांग्रेस के प्रथम परिवार ने खुलकर कभी ऐसे शब्द नहीं बोले, लेकिन राव के प्रति उसकी धारणा कुछ ऐसी ही रही है। 2007 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी ने एक मुस्लिम बहुल इलाके में राव पर आक्षेप लगाते हुए कहा था कि अगर उनके परिवार का प्रधानमंत्री होता तो 1992 में विवादित ढांचे का ध्वंस नहीं हो पाता। अय्यर नेहरू-गांधी परिवार के नजदीकी हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय में वह राजीव गांधी के सहयोगी रहे और बाद में गांधी-नेहरू परिवार की मेहरबानी से मंत्री भी बने। ऐसा लग रहा है कि उनका हालिया शिगूफा भी कांग्रेस के प्रथम परिवार को खुश करने की कोशिश ही है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि कांग्रेस और उसके नेताओं के प्रयासों से क्या राव की महत्ता खत्म हो जाएगी?

गांधी-नेहरू परिवार की छाया में भारत समाजवादी आर्थिकी सोच पर खड़ा था। ऐसी नीतियों का नतीजा ही कहेंगे कि 1990 तक आते-आते भारत को अपनी आर्थिकी को चलाने के लिए सोना गिरवी रखकर अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से कर्ज लेना पड़ा। ऐसी विकट परिस्थिति में सत्ता मिलने के बाद कितने लोग देश को उससे उबार पाते। तब राव ने अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह को वित्त मंत्री बनाने का राजनीतिक जोखिम लिया और एक झटके से भारतीय अर्थव्यवस्था को समाजवादी दर्शन से मुक्त कर दिया। अगर देश आज दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद जल्द ही तीसरी आर्थिकी बनने की राह पर अग्रसर है तो उसकी बुनियाद के शिल्पकार नरसिंह राव ही रहे। देश में एक तबका ऐसा है, जिसकी नजर में सिर्फ गांधी परिवार ही देश के लिए सब कुछ है। किसी और ने कोई उपलब्धि हासिल की हो तो उसे खारिज करके 'संघी' बता दिया जाता है। राव के मामले में अय्यर की कोशिश भी कुछ ऐसी ही है।

'हाफ लायन' शीर्षक से राव की जीवनी लिखने वाले विनय सीतापति ने स्पष्ट रूप से लिखा है कि इतिहास और कांग्रेस ने नरसिंह राव के साथ न्याय नहीं किया। राव की छवि शांत, संवेदनशील और बौद्धिक नेता की थी। कांग्रेस को जब भी उनकी जरूरत महसूस हुई तो उन्हें महत्वपूर्ण दायित्व दिया। उन्होंने पार्टी और देश को निराश भी नहीं किया। केवल पंजाब में आतंक की आग को काबू करने में ही नहीं, बल्कि दार्जिलिंग के गोरखा और मिजोरम के अलगाववादी आंदोलनों से निपटने में भी राव की भूमिका अहम रही। आपरेशन ब्लू स्टार के वक्त राव ही गृहमंत्री थे। राजीव गांधी की हत्या के बाद कांग्रेस ने सोनिया गांधी को अपना अध्यक्ष मान लिया। हालांकि, तब बनी परिस्थितियों के चलते सोनिया गांधी ने वह प्रस्ताव ठुकरा दिया। उस समय कांग्रेस मुखिया पद के कई दावेदार थे। फैसला सोनिया गांधी को लेना था। नरसिंह राव का नाम इस सूची में नहीं था। लंबे अर्से तक नेहरू-गांधी परिवार के वफादार रहे नटवर सिंह की आत्मकथा के अनुसार उस समय नरसिंह राव का नाम इंदिरा गांधी के सचिव रहे पीएन हक्सर ने सुझाया था। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरसिंह राव ने नेहरू-गांधी परिवार को खुश रखने के लिए देश में आर्थिक तंगी के बावजूद राजीव गांधी फाउंडेशन को सौ करोड़ रुपये का अनुदान दिया, जिस पर उस समय विपक्ष ने हंगामा भी किया था।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

### मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने की शांति की अपील...

# महाराष्ट्र के जालना में मराठा आरक्षण आंदोलन ने लिया हिंसक रूप

मुंबई : महाराष्ट्र के जालना जिले में मराठा आरक्षण आंदोलन शुक्रवार को हिंसक हो गया, जिसमें कम से कम 12 पुलिसकर्मियों सहित कई लोग घायल हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंबाड तहसील में धुले-सोलापुर रोड पर अंतरवाली सराथी गांव में हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े।





ग्रामीणों ने दावा किया कि पुलिस ने हवा में गोलीबारी की, लेकिन अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की। मनोज जारांगे के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर मंगलवार से गांव में भूख हड़ताल कर रहे थे। बता दें कि राजनीतिक रूप से प्रभावशाली मराठा समुदाय के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रदान किये गये आरक्षण को उच्चतम न्यायालय ने रद्द कर दिया था। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शांति की अपील की और घोषणा की कि हिंसा की उच्च स्तरीय जांच के लिए एक समिति गठित की जाएगी। वहीं, उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दावा किया कि पथराव के कारण पुलिस को लाठीचार्ज करने के लिए मजबूर होना पड़ा। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को आंदोलन हिंसक हो गया और कुछ लोगों ने राज्य परिवहन की बसों और निजी वाहनों को निशाना बनाया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पथराव में पुलिस उपाधीक्षक सचिन सांगले सहित कम से कम 12 पुलिसकर्मी और अधिकारी घायल हो गए, जबकि अंतरवाली सराथी में लाठीचार्ज में 20 प्रदर्शनकारी घायल हो गये। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को प्रदर्शनकारियों से बात की थी और उनसे भूख हड़ताल खत्म करने का आग्रह किया था लेकिन उन्होंने पीछे हटने से इनकार कर दिया था। उन्होंने बताया कि जालना में अतिरिक्त पुलिस बल भेजा गया है। एक समाचार चैनल से बात करते हुए मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि राज्य सरकार मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है और किसी को भी हिंसा का सहारा नहीं लेना चाहिए। कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण ने मांग की कि राज्य सरकार मराठा आरक्षण पर अपना रुख स्पष्ट करे। पूर्व मुख्यमंत्री चव्हाण ने कहा कि अंतरवाली सारथी गांव में पुलिस द्वारा किया गया लाठीचार्ज अस्वीकार्य है। फडणवीस ने एक समाचार चैनल से कहा कि कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस का घेराव किया जो उनसे बात करने गई थी।

# नागपुर में 12 साल की बच्ची के साथ हैवानियत...

### गर्म तवे, गर्म चाकू और सिगरेट से जलाया, घर पर बंद कर गए दूसरे शहर

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में नागपुर से एक रूह कंपा देने वाली घटना सामने आई है. जहां एक 12 साल की बच्ची के साथ ऐसा सुलूक किया है जिसे सुनकर हर किसी रूप कांप जाए. घरेलू काम के लिए बच्ची को बेंगलुरु से खरीदकर लाए आरोपी परिवार ने बच्ची पर सितम की हदें पार कर दी. परिवार उस बच्ची से घर का सारा काम करवाता था और छोटी से गलती पर भी उसे डांटा जाता था. धीरे-धीरे बच्ची पर परिवार के जुल्म बढ़ते गए, फिर वो इस बच्ची को अमानवीय यातनाएं देने लगे. कभी बच्ची की पीठ को गर्म तवे से दाग दिया जाता तो कभी गर्म चाकू से वार किया जाता, यहीं नहीं जलती हुई सिगरेट भी उसके शरीर पर लगा दी जाती.

नागपुर के हुडकेश्वर थाना क्षेत्र के अथर्व नगरी सोसायटी में बच्ची को खरीदकर एक परिवार लेकर आया था. घरेलू काम के लिए लाई गई बच्ची पर परिवार के जुल्म बढ़ते जा रहे थे. अभी लगभग 4 दिनों से आरोपी परिवार बेंगलुरु चला गया और वो बच्ची को घर में ही बंद कर गया. बिजली का बिल नहीं भरा होने की वजह से घर की लाइट काटा गई थी तो बच्ची ने घर के बाहर आवाज लगाई. इसके बाद पड़ोसी बच्ची के पास पहुंचे तो उसने पूरी आपबीती बताई. बच्ची से बताया कि वो काफी दिनों से घर में बंद है.



#### 3 साल पहले बच्ची को खरीदकर लाया था परिवार

इसके बाद बच्ची ने पड़ोसियों को आरोपी परिवार की करतूत बताते हुए अपने शरीर पर गर्म तवे, गर्म चाकू और सिगरेट के दागने के निशाने दिखाए. जिसके बाद पड़ोसी बच्ची को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस के सामने आरोपी परिवार की सारी सच्चाई बताई. वहीं मामले को लेकर स्वयं सेवी संस्था की तरफ से कहा गया है कि करीब 3 साल पहले आरोपी परिवार बच्ची को बेंगलुरु से खरीदकर लाया था. बच्ची से घर का पूरा काम करवाया जाता था. गलती होने पर उसे बेहरमी से दागा जाता था. 3 साल से बच्ची आरोपी परिवार के जुल्म सह रही थी. उसे हिजाब में रखा जाता था ताकि उनके शरीर पर जख्म किसी को दिखाई ना दें.

# मामा और भांजे की आदई पहाड़ी पर पैर फिसलने से दर्दनाक मौत



**पनवेल :** सुखापुर निवासी मामा और भांजे की आदई पहाड़ी पर चढ़ने के दौरान पैर फिसलने से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, पनवेल तालुका के सुखापुर में रहने वाले पारस बाकी और इन्हीं का भांजा प्रदीप कामी की बुधवार रात आदई पहाड़ी से नीचे गिरने के कारण मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मामा और भांजे ने दोपहर में ही पहाड़ पर चढ़कर झरने का लुफ्त उठाने गए थे, लेकिन कुछ देर बाद प्रदीप पहाड़ी के ऊपर चला गया और उसे लगा कि मैं फंस गया हूं। इसलिए उसे बचाने के लिए उसके मामा पारस भी पहाड़ी पर चढ़ गए,



# महाराष्ट्र में दलहन बुआई का क्षेत्र घटा... कपास के रकबे में मामूली बढ़त



**मुंबई :** चालू वर्ष के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून की आंख मिचौली के कारण बारिश न केवल कम हुई है बल्कि इसकी हालत अनिश्चित और अनियमित भी रही जिसका असर फसलों की बुआई पर हुआ है। देश में प्रमुख दलहन उत्पादक राज्यों में शुमार महाराष्ट्र में दलहन फसल का रकबा 2.69 लाख हेक्टेयर घटा है। वहीं,कपास की बात करें तो राज्य में इस साल इसके बुआई क्षेत्र में 0.06 लाख हेक्टेयर की बढोतरी दर्ज हुई है कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी ताजा आंकड़ों पर गौर करे तो देश में कपास के बुआई क्षेत्र में 2.65 लाख हेक्टेयर क्षेत्र घटा है।पिछले साल यानी 2022 में कपास की बुआई का क्षेत्र 125.63 लाख हेक्टेयर था जो 2023 में लुढकर 122.99 लाख हेक्टेयर रह गया है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र सहित पांच राज्यों में कपास के बुआई क्षेत्र में सुधार देखा गया है। इसी तरह देश में दलहन का बुआई क्षेत्र पिछले साल 130.13 लाख हेक्टेयर था जो इस साल घटकर 119.09 लाख हेक्टेयर रह गया है। महाराष्ट्र में पिछले साल के मुकाबले चालू वर्ष के दौरान दलहन का उत्पादन क्षेत्र 2.69 लाख हेक्टेयर घट गया है। दक्षिण-पश्चिम मानसून की हालत महाराष्ट्र में इस बार कमजोर रही है। बारिश देर से तथा कम होने के कारण इसका लगभग सभी प्रमुख खरीफ फसलों की बुआई में देर हो गई और इसका रकबा गत वर्ष के मुकाबले पीछे रह गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि इसी सप्ताह के अंत तक दक्षिण-पश्चिम मानसून फिर सक्रिय हो सकता है।इससे देश के मध्य एवं दक्षिणी हिस्सों में वर्षा का एक और दौर शुरू होगा।

# जालना में आरक्षण की मांग कर रहे मराठा प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज

## शरद पवार ने की कड़ी निंदा...

मुंबई : महाराष्ट्र के जालना में पुलिस ने मराठा प्रदर्शनकारियों पर शुक्रवार को लाठीचार्ज कर दिया है, जिससे इलाके में अफरातफरी मच गई। जबकि प्रदर्शनकारियों द्वारा आगजनी और पुलिस पर पत्थरबाजी करने की बात भी सामने आई है। यह घटना अंतरवाली सराटी गांव की है, जहां मराठा आक्रोश मोर्चा का आरक्षण के लिए भूख हड़ताल शुरू थी। इस घटना से जिले में तनाव की स्थिति है।



भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई है। दरअसल, मंगलवार (29 अगस्त) से मराठा मोर्चा के संयोजक मनोज जारांगे समेत 10 लोग आरक्षण की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके समर्थन में कई कार्यकर्ता मौजूद थे। भूख हड़ताल कर रहे प्रदर्शनकारियों के स्वास्थ्य के बिगड़ने की आशंका थी। इसलिए पुलिस ने भूख हड़ताल को बढ़ने से रोकने के लिए प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करने की कोशिश की। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने इसका विरोध किया। तभी पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया।वहीं, गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने आगजनी और पुलिस पर पत्थरबाजी कर दी। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हवाई फायरिंग की और हमलावरों पर लाठीचार्ज किया।

राष्ट्रवादी कांग्रेस (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार ने इस घटना की कड़ी निंदा की और इसके लिए राज्य के गृह विभाग को जिम्मेदार ठहराया। पवार ने कहा, मुझे जालना से कुछ लोगों के फोन आए और उन्होंने मुझे बताया कि वहां क्या हुआ था। मनोज जारांगे और उनके साथी भूख हड़ताल पर थे। पुलिस ने उनसे चर्चा की। उस चर्चा में सब कुछ शांति से जारी था। हालांकि, चर्चा के बाद पुलिस बल का उपयोग करके उन्हें वहां से हटाने का प्रयास किया गया।

उन्होंने कहा, प्रदर्शनकारियों पर भारी लाठीचार्ज किया गया। वास्तव में, एक बार चर्चा हो जाने के बाद लाठीचार्ज या बल प्रयोग की कोई आवश्यकता नहीं थी। हालांकि, अगर ऐसे सामाजिक क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों के पास कोई सवाल है और जवाब नहीं मिलने पर वे सड़कों पर उतरते हैं, तो राज्य के गृह मंत्री (देवेंद्र फडणवीस) को उनके खिलाफ बल प्रयोग करने का निर्देश देना चाहिए।

शरद पवार ने आगे कहा, राज्य के गृह मंत्री के मन में कुछ तत्वों के बारे में जो भावना है, वह पुलिस के कार्यों से व्यक्त होती है। ये तस्वीर जालन में नजर आ रही है। इसके लिए क्या पुलिस दोषी है? पुलिस को ऊपर से ऐसे निर्देश मिले और कार्रवाई की गई। इससे पुलिस और युवाओं के बीच अनावश्यक कटुता पैदा हो गई। इसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार और गृह मामलों के लिए जिम्मेदार लोगों की है।

एनसीपी प्रमुख ने कहा, मैं इस घटना की कड़ी निंदा करता हूं। अगर इसे नहीं रोका गया तो मुझे वहां जाकर उन लोगों को आश्वस्त करना पड़ेगा। साथ ही इन लोगों को बचाने के लिए भी कदम उठाने होंगे। पुलिस ने चर्चा की और फिर लाठीचार्ज कर दिया।

# शिंदे, फडणवीस, अजित पवार ने नेताओं को दिया जनता के बीच जाने का मंत्र...



**मुंबई :** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी पक्ष-विपक्ष ने जोरशोर से शुरू कर दी है। महाराष्ट्र 48 लोकसभा सीटें जीतने के लक्ष्य के साथ महायुति में भी बैठकों का दौर शुरू हो गया है। महाराष्ट्र में मिशन 48 के तहत शुक्रवार को महायुति के घटक दलों बीजेपी, शिवसेना और एनसीपी (अजित पवार गुट) की बैठक वर्ली के एनएससीआई में हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार सहित तीनों दलों के विधायक, सांसद और पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिंदे ने महाराष्ट्र में मिशन 48 की घोषणा की। महायुति की बैठक में तीनों दलों ने एक सुर में कहा कि लोकसभा चुनाव हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर लड़ेंगे। मोदी ने देश का मान पूरी दुनिया में बढ़ाया है, जिसका फायदा महाराष्ट्र को भी मिल रहा है। महायुति महाराष्ट्र की सभी 48 सीटें जीतेगी। शिंदे ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि कुछ नेता है, जो विदेश में जाकर मोदी का नाम लेकर देश को बदनाम करने का काम करते हैं। ऐसे लोग देशद्रोही की श्रेणी में आते हैं, जो लोग इंडिया का एक लोगो (चिन्ह) तैयार नहीं कर सकते, वह क्या नया इंडिया बनाएंगे? ये पार्टियां अपने निजी स्वार्थ और सिर्फ अपने परिवार का भला करने के लिए एक साथ आई हैं। ये कैसी एकजुटता है, जो लोग अब तक अपना नेता घोषित नहीं कर पाए हैं। इससे पता चलता है कि वे कितने एकजुट हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा उनकी सबसे बड़ी विफलता यह है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार नहीं खड़ा कर सकते। विपक्ष का 'इंडिया' गठबंधन उन लोगों से बना है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति नफरत से भरे हुए हैं।

## मुद्रा योजना के तहत ऋण दिलाने के नाम पर 6.5 लाख रुपये की ठगी




**पालघर :** जिले के डहाणू में जलपान नामक एक दुकान के मालिक से उसके बेटे को 'मुद्रा' योजना के तहत ऋण दिलाने का वादा कर 6.5 लाख रुपये की ठगी की गई है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि आरोपी अरविंद विनायक बविस्कर ने सूक्ष्म इकाई विकास एवं पुनर्वित्त एजेंसी (मुद्रा) योजना के तहत ऋण दिलाने के लिए कहा था, जिसमें छोटे व्यापारियों को 10 लाख रुपये तक का ऋण मिलता है। जानकारी के मुताबिक आरोपी ने जनवरी 2021 से नवंबर 2022 के बीच शिकायतकर्ता से कथित तौर पर 6.5 लाख रुपये लिए।

# नागपुर के 150 से ज्यादा किसानों से 113 करोड़ रुपये की ठगी... 18 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**नागपुर :** महाराष्ट्र में नागपुर जिले की तीन तहसीलों में 150 से ज्यादा किसानों के साथ कथित तौर पर 113 करोड़ रुपये की ऋण संबंधी धोखाधड़ी की गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मुख्य आरोपी मौदा का रहने वाला चावल मिल का मालिक है और उसने 2017 में क्षेत्र में सूखे के बाद 151 किसानों को वित्तीय मदद का वादा किया था। उन्होंने कहा, ''उसने (मिल मालिक) और उसके सहयोगियों ने मौदा, पारशिवनी और रामटेक तहसीलों के इन 151 किसानों के पैन कार्ड और आधार की जानकारी लेकर इनके नाम पर बैंक खाते खुलवाए।'' अधिकारी ने बताया, ''सदर के किंग्सवे में एक बैंक से प्रत्येक किसान के नाम पर 45




से 50 लाख रुपये तक का ऋण लिया गया और यह सारा धन मुख्य आरोपी रमन्नाराव बोल्ला की 12 कंपनियों के खातों में अंतरित कर दिया गया।'' उन्होंने कहा कि इनमें से कई किसानों को जब हाल में बैंक से ऋण चुकाने का नोटिस आया तब इस घोटाले का पदार्फाश हुआ। उन्होंने कहा कि किसानों को जब नोटिस मिला तो उन्होंने बोल्ला से बहस भी की। अधिकारी ने कहा, ''बोल्ला ने धन वापस करने का वादा किया, लेकिन जब वह वादे से मुकर गया तो किसानों ने पुलिस से संपर्क किया। इन किसानों में से छह भूमिहीन हैं।''

# अमेरिकी डॉक्टर का चौंकाने वाला दावा, मौत के बाद भी मौजूद है जीवन



**मुंबई** : इंसानों की जिंदगी और मौत को लेकर अक्सर वैज्ञानिक, डॉक्टर खुलासा करते रहते हैं। दुनियाभर के वैज्ञानिक जीवन के रहस्य पर शोध कर रहे हैं। अब एक अमेरिकी डॉक्टर ने मौत के निकट पहुंचे ५,००० लोगों के अनुभवों पर शोध करके दुनिया को चौंकाने वाला दावा किया है। अमेरिकी डॉक्टर के अनुसार, मौत के बाद भी निःसंदेह रूप से जीवन संभव है यानी मरने के बाद भी इंसान जिंदा रहेगा। इस अमेरिकी डॉक्टर ने ५,००० से अधिक मृत्यु-निकट अनुभवों (एनडीई) का अध्ययन किया है। इसके बाद अब दावे में कहा है कि बिना किसी संदेह के मौत के बाद भी जीवन मौजूद है।

अमेरिकी डॉ. जेफरी लॉन्ग ने विशेष रूप से मौत के निकट के अनुभवों के प्रति आकर्षण के कारण ही १९९८ में नियर-डेथ एक्सपीरियंस रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना की। हाल ही में उन्होंने इनसाइडर में अपने अनुभवों के आधार पर एक निबंध प्रकाशित किया। उन्होंने कहा, 'कोई व्यक्ति जो या तो कोमा में है या चिकित्सकीय रूप से मृत है, उसके दिल की धड़कन नहीं है। इसके बावजूद उनके पास इस दौरान का स्पष्ट अनुभव है, उसके अनुसार वह मौत के बाद भी देखते हैं, सुनते हैं, भावनाओं को महसूस करते हैं और अन्य प्राणियों के साथ बातचीत करते हैं।' डॉ. जेफरी लॉन्ग वर्षों से वह उन लोगों से कहानियां एकत्र कर रहे हैं, जिन्होंने एनडीई की रिपोर्ट की है यानी मौत के निकट के अनुभवों से गुजरे हैं। वह वैज्ञानिक रूप से ऐसे केस का विश्लेषण कर रहे हैं।

# वीएचपी ने लगाए मनपा और पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप भाजपा ने की कार्यवाही की मांग...



**वसई** : वसई के विधायक हितेंद्र ठाकुर का 'लव जिहाद' जैसे संवेदनशील विषय पर गैर जिम्मेदाराना बयान का निषेध व्यक्त करने के लिए विश्व हिंदू परिषद ने २७ अगस्त को पत्रकार परिषद का आयोजन किया था। इस दौरान 'लव जिहाद' गौवंश तस्करी एवं गौ हत्या और धर्मांतरण जैसे मुद्दों को लेकर वीएचपी ने मनपा और पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए है। वीएचपी द्वारा किए गए आरोपों को लेकर भाजपा वसई विरार जिला उपाध्यक्ष मनोज बारोट ने मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस आयुक्त और वसई विरार मनपा आयुक्त को लिखित पत्र द्वारा अवगत कराते हुए इन सभी मुद्दों पर विशेष ध्यान देकर कार्यवाही की मांग की है। बारोट ने मनपा आयुक्त अनिल कुमार पवार को लिखित पत्र द्वारा बताया है कि वीएचपी का आरोप है की आरोग्य विभाग में स्वच्छता निरीक्षक के तौर पर कार्यरत जितेंद्र नाईक ने गौ तस्करी के आरोपी सरफराज कुरेशी और मनोहर केदारे ने अन्य १२ दुकानदारों को बड़े जानवरों के मांस बेचने के परमिशन दिए है इसके पीछे का उद्देश गौ तस्करी को बढ़ावा देना तो नही ? ऐसी आशंका भी वीएचपी ने व्यक्त की है। इसलिए इस गंभीर विषय की तत्काल जांच की जाए और सभी मांस बिक्री के परमिशन रद्द कर दोनो दोषी स्वच्छता निरीक्षक को निलंबित कर उन पर कानूनी कार्रवाई की मांग बारोट ने मनपा आयुक्त से की है।बारोट ने पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे को लिखित पत्र द्वारा बताया है कि,वीएचपी वसई के जिला मंत्री देवेंद्र जेना ने के मुताबिक वसई तालुका में लव जिहाद की १२७ घटनाएं घटी है।गौ हत्या बंदी कानून के बावजूद गौ तस्करी के १०९ मामले दर्ज है,तालुका में ३ प्रमुख स्थानों पर बड़े पैमाने पर गौ हत्या हो रही है।प्रार्थना केंद्रों की आड़ में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण हो रहा है।लेकिन,पुलिस प्रशासन इन्हे रोकने में विफल साबित हो रहा होने का आरोप वीएचपी ने किया है। वीएचपी द्वारा दी गई यह जानकारी हिंदू समाज को विचलित करने वाली है। क्योंकि लव जिहाद,गौवंश तस्करी एवं गौ हत्या और धर्मांतरण यह सभी मुद्दे हिंदुओ की आस्था और सुरक्षा से जुड़े है और यह जानकारी अब समाज माध्यमों में प्रसिद्ध हो चुकी है इसलिए सामान्य जनमानस के मन में भी यह सवाल जरूर उपस्थित हुए होंगे की लापता बहनें इन जिहादियों की कैद से कब रिहा होगी ?

## चांद बादशाह को स्टेशन के बुकिंग कार्यालय के पास पेशाब करने से क्या रोका, आरपीएफ जवान पर हमला कर दिया



**पालघर** : जिले में रेलवे स्टेशन परिसर में पेशाब करने से रोकने पर आरपीएफ कर्मी को पीटने के आरोप में 43 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार देर रात सवा एक बजे नालसोपारा रेलवे स्टेशन के बुकिंग कार्यालय के निकट रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) के एक जवान ने एक व्यक्ति को पेशाब करते हुए देखा, जिसकी पहचान चांद बादशाह अजीज खान के रूप में हुई। वदीर्धारी जवान ने खान से कहा कि वह स्टेशन परिसर को गंदा न करे, तो आरोपी ने जवान को अपशब्द कहे और हमला कर दिया। इसके बाद वसई सरकारी रेलवे पुलिस ने खान को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# वसई विरार मनपा करेगी इको गणेश प्रतियोगिताओं का आयोजन'




**वसई** : वसई विरार शहर नगर निगम द्वारा इस वर्ष वसुंधरा के संरक्षण के लिए 'इको गणेश' परियोजना लागू की जा रही है। इस पहल के तहत, भावी पीढ़ी को पर्यावरण-अनुकूल त्योहारों के महत्व को समझाने के उद्देश्य से स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों के लिए 'इको गणेश' नारा लेखन प्रतियोगिता' और 'इको गणेश' वाद-विवाद प्रतियोगिता' आदि का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता ११ सितंबर २०२३ को सुबह ११ बजे विरार पश्चिम के विवा कॉलेज के सभागार में आयोजित की जाएगी। 'इको गणेशा' नारा लेखन प्रतियोगिता ५वीं से ७वीं कक्षा के छात्रों के लिए है। ०८ सितंबर २०२३ को अभ्यर्थी को स्लोगन संबंधित विद्यालय में जमा करना होगा। तो, वाद-विवाद प्रतियोगिता कक्षा ८वीं से १०वीं और कक्षा ११वीं से १५वीं समूह के लिए है। वाइवा ११ सितंबर २०२३ को कॉलेज हॉल में होगा। प्रतियोगिता के अंत में दोनों प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा तथा विजेताओं को गणमान्य व्यक्तियों द्वारा बैज एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। पर्यावरण-अनुकूल गणेशोत्सव मनाने का वसई विरार शहर नगर निगम का दूसरा वर्ष है। पिछले साल वसई विरार के नागरिकों ने नगर निगम की इस पहल को बहुत अच्छी प्रतिक्रिया दी थी। हमारे हरित क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए, पर्यावरण-अनुकूल गणेशोत्सव मनाना एक मूल्यवान कदम होगा। हमारी भावी पीढ़ी को पर्यावरण और पर्यावरणअनुकूल त्योहारों के महत्व को समझाने के लिए, भावी पीढ़ी को इस परोपकारी कार्य में शामिल करने के लिए इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। वसई विरार नगर निगम आयुक्त अनिल कुमार पवार ने सभी स्कूलों और कॉलेजों से इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में भाग लेने और इस गतिविधि में सहयोग करने की अपील की है।

# राज्य में बारिश औसत से ११ फीसदी कम...

**मुंबई** : महाराष्ट्र समेत पूरा देश सूखे के कगार पर है। महाराष्ट्र में बारिश न होने से तो हाहाकार मचा हुआ है। किसान मानसून की वापसी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हालांकि, उनकी यह दरकार पूरी होती हुई नहीं दिखाई दे रही है। पुणे मौसम विभाग के प्रमुख के. एस. होसालिकर ने इस बारे में बेहद अहम जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि अगस्त महीने में मराठवाड़ा और मध्य महाराष्ट्र के साथ ही राज्य में ५९.४२ फीसदी, जबकि देश में ३६ फीसदी कम बारिश हुई है। राज्य में बारिश औसत से ११ फीसदी कम है। इस साल अगस्त महीने में हुई बारिश ने १२३ साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है।



उल्लेखनीय है कि केवल महाराष्ट्र ही नहीं, बल्कि देश के कई राज्य सूखे के संकट से जूझ रहे हैं। १२३ साल बाद इस साल अगस्त सबसे शुष्क महीने के तौर पर दर्ज किया गया है। इससे पहले साल १९०१ में अगस्त महीने में सबसे कम बारिश हुई थी, जिसके बाद इस साल भी ऐसा ही होने की संभावना है। महाराष्ट्र के कई राज्य सूखे की मार झेल रहे हैं। महाराष्ट्र के साथ-साथ झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मणिपुर, अरुणाचल, असम, लद्दाख, हिमाचल और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में अधिक गंभीर सूखा पड़ सकता है।

इस साल देश के एक बड़े हिस्से के सूखे से पीड़ित होने का अनुमान है। महाराष्ट्र को लिया जाए तो अगस्त महीने में औसत से ७१ फीसदी कम बारिश हुई है। ३२९ राजस्व मंडलों में पिछले महीने भर से बारिश की एक बूंद भी नहीं पड़ी है। आगामी दिनों में यदि यह तस्वीर नहीं बदली तो भविष्य में सूखे का सामना करना पड़ सकता है। महाराष्ट्र पर नजर डालें तो कोकण के अलावा नासिक, धुले, नगर, सोलापुर, जलगांव, नंदुरबार, सांगली, सातारा, कोल्हापुर, अकोला, अमरावती, बुलढाना, बीड, जालना, लातूर, परभणी, हिंगोली और संभाजीनगर में सूखे की स्थिति बनने की संभावना है।




# 'इंडिया' की तीसरी बैठक के बाद केंद्र सरकार विचलित हो गई है - विजय वडेट्टीवार



**मुंबई :** महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि 'इंडिया' की तीसरी बैठक के बाद केंद्र सरकार विचलित हो गई है। इस वजह से एक देश, एक चुनाव के प्रयोग को लागू करने पर विचार कर रही है। वे कल मुंबई में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में १२ राज्यों के मुख्यमंत्री विपक्षी दलों के हैं। ऐसी स्थिति में केंद्र सरकार राज्य सरकारों से चर्चा कर और बहुमत के आंकड़ा तक पहुंचना संभव है क्या? ऐसा सवाल निर्माण होता है। वडेट्टीवार ने आगे कहा कि 'इंडिया' के जरिए विपक्ष की ताकत मजबूत हो रही है। उसके डर से भाजपा में व्याकुलता पैदा हो गई है। इससे गैस सिलिंडर के दाम दो सौ रुपए कम हो गए। यह उसी का परिणाम है।

केंद्र की मोदी सरकार 'एक देश एक चुनाव' के लिए संविधान संशोधन की रणनीति तैयार कर रही है। मोदी सरकार की इस कुटिल चाल को लेकर विपक्ष भड़क उठा है। 'एक देश एक चुनाव' पर आम आदमी पार्टी की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि सरकार डर गई है। वहीं कांग्रेस नेता आरिफ नसीम खान ने एक देश, एक चुनाव की संभावना को तलाशने के लिए केंद्र द्वारा समिति गठित करने पर कहा कि ऐसा कभी नहीं हुआ कि पूर्व राष्ट्रपति को इस तरह की कमेटी में शामिल किया गया हो। मोदी सरकार में लोकतंत्र के लिए कोई जगह नहीं बची है।

# मीरा-भाईंदर के 17 गैंगस्टरों पर होगी कारवाई- पुलिस उपायुक्त

**भायंदर:** मीरा-भायंदर शहर में अपराध पर लगाम लगाने के लिए सर्कल १ के डिप्टी कमिश्नर ने इस साल अब तक शहर के १७ गैंगस्टर्स पर नकेल कसने का फैसला किया है. पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ११ अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई पूरी हो चुकी है और बाकी छह के खिलाफ कार्रवाई अंतिम चरण में है. चूंकि मीरा-भायंदर शहर मुंबई से सटा हुआ है, इसलिए यहां अपराधियों को पनाह दिए जाने की छवि पूरे राज्य में बन गई थी। इसलिए मीराभाइन्दर वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय की स्थापना के बाद से ही पुलिस द्वारा इस छवि को बदलने का प्रयास किया जा रहा है। यह मुख्य रूप से गैंगस्टर प्रवृत्ति वाले लोगों को निशाना बना रहा है। शहर से असामाजिक प्रवृत्तियों को दूर करने के लिए अधिनियम में प्रावधान किये गये हैं। तदनुसार, अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाती है। सर्किल १ की पुलिस ने उन लोगों की एक सूची तैयार की जो



नागरिकों के लिए खतरा पैदा कर रहे थे, साथ ही उन लोगों की भी सूची तैयार की गई थी जिनके खिलाफ लड़ाई, हत्या, काला बाजारी और संपत्ति से संबंधित गंभीर अपराध दर्ज किए गए थे। इसके मुताबिक १७ गैंगस्टरों की सूचौ यार की गई. इनमें से अब तक ११ के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है और उन्हें शहर से बाहर कर दिया गया है. उपायुक्त जयवंत बजबले ने बताया है कि छह लोगों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गयी है. छह थानों द्वारा तैयार की जाती है सूची मीरा-भैंदारा के लिए खतरनाक अपराधियों की सूची हर साल शहर के छह थानों में तैयार की जाती है. तदनुसार, इस वर्ष भी यह सूची स्थानीय पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक द्वारा तैयार की गई थी। सूची उपायुक्त कार्यालय को मिलने के बाद इसे सत्यापन के लिए सहायक पुलिस आयुक्त के पास भेजा गया था. इसमें उपायुक्त कार्यालय ने संबंधित व्यक्ति को बुलाकर अपना पक्ष रखने का मौका दिया. हालांकि, पुलिस ने जानकारी दी है कि जिस शख्स को खतरनाक माना जा रहा है, उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की गई है. समाज के लिए घातक कार्य करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। इसी के तहत यह कार्रवाई की जा रही है. जितनी अधिक यह कार्रवाई की जाएगी, मीरा-भायंदर में अपराध दर उतनी ही कम होगी और कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

# आभूषण लेकर फरार हुए नौकर को पुलिस ने तीन घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया...



**कल्याण :** लाखों रुपए का आभूषण लेकर फरार हुए नौकर को पुलिस ने तीन घंटे के भीतर ठाकुर्ली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। समय रहते पुलिस नौकर को गिरफ्तार नहीं की होती तो वह राजस्थान निकल गया होता। नौकर के पास से 12 लाख रुपए से अधिक के गहने भी पुलिस ने बरामद की है।

मिली जानकारी के अनुसार, डोंबिवली की रामनगर पुलिस थाने में एक ज्वेलर्स ने 31 अगस्त की शाम को शिकायत दर्ज कराई कि उसके यहां काम करने वाला नौकर को 212 ग्राम आभूषण जिसमें चूड़ी और दो चेन जिसकी कीमत 12 लाख 72 हजार रुपए थी, उसे हॉलमार्क कराने के लिए भेजा था। जिसे लेकर वह चंपत हो गया।

# दुनिया की सबसे ताकतवर ब्रिटिश सरकार भी कांग्रेस को खत्म नहीं कर पाई - राहुल गांधी



**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अडानी के पैसे से कांग्रेस को हराने का सपना देख रहे हैं। इसके साथ वे कांग्रेस मुक्त भारत की बात कह रहे हैं, लेकिन कभी दुनिया की सबसे ताकतवर ब्रिटिश सरकार भी कांग्रेस को खत्म नहीं कर पाई। कांग्रेस पार्टी ने ही कभी दुनिया में अपनी हुकूमत चलाने वाले अंग्रेजों को देश से भगाया था। ऐसे में क्या मोदी देश को कांग्रेस मुक्त कर पाएंगे? प्रधानमंत्री पर यह करारा हमला कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी ने बोला है।

महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस पार्टी के मुख्यालय तिलक भवन में शुक्रवार को राहुल गांधी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं से संवाद करते हुए उन्होंने ने भाजपा की घृणा और देश को बांटने की राजनीति पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया के दो बड़े अखबारों ने अडानी के भ्रष्टाचार का खुलासा किया है। भारत से १ अरब डॉलर विदेश गए और उस पैसे को दोबारा भारत में निवेश कर अडानी ने खूब संपत्ति बनाई। इस पैसे से अडानी ने देश में हवाई अड्डे, रेलवे, खदान, बिजली, बैंक और बीमा कंपनियां खरीदीं। अब अडानी धारावी को खत्म करने के लिए काम कर रहे हैं। इसके लिए भाजपा अडानी का साथ दे रही है। लेकिन कांग्रेस पार्टी धारावी को खत्म नहीं होने देगी। कांग्रेस पार्टी, मोदी द्वारा देश को खत्म करने के सपने को पूरा नहीं होने देगी। हमारे विरोधी कहते हैं कि कांग्रेस पार्टी में दम नहीं है तो फिर कर्नाटक में बीजेपी का सफाया किसने किया? महाराष्ट्र में भी बीजेपी की हार होगी। तेलंगाना, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश में भी बीजेपी की हार होगी और उसके बाद लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी बीजेपी को हराकर जीत हासिल करेगी। मोदी सरकार चाहे कितनी भी संस्थाओं का इस्तेमाल कर ले, कांग्रेस पार्टी को कोई खत्म नहीं कर सकती।

# प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई

**नई मुंबई :** नई मुंबई में रासायनिक कारखानों के चलते वायु और जल प्रदूषण के बढ़ते स्तर से निपटने के लिए महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) ने प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

समय-समय पर स्थानीय निवासी इन औद्योगिक इकाइयों से पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर हो रहे प्रतिकूल असर की शिकयत करते रहे हैं। वाशी, कोपरखैराणे और घनसोली जैसे आवासीय इलाकों के निवासियों को इस प्रदूषण का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। इन शिकायतों के मद्देनजर एमपीसीबी, नई मुंबई महानगरपालिका और एमआईडीसी द्वारा इन इकाइयों को एतिहातन कदम उठाने को कहा गया। इकाइयों द्वारा दिशा-निर्देशों का पालन न करने के चलते उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# मोबाइल फोन ज्यादा इस्तेमाल करने को लेकर डांट लगाई,

## घर छोड़कर चली गई 20 वर्षीया लड़की; एक हफ्ते बाद बरामद हुआ शव



**पनवेल :** तालुका पुलिस स्टेशन के अंतर्गत कासारभाट गांव में रहने वाली एक 20 वर्षीया लड़की को घर के सदस्यों ने डांट क्या लगाई वह गुस्से में घर छोड़कर चली गई और एक हफ्ते बाद उसका शव अरब सागर से सटे पातालगंगा नदी के गहरे पानी से बरामद हुआ। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, कासारभाट गांव की रहने वाली 20 वर्षीया लड़की को उसके परिवार के सदस्यों ने मोबाइल फोन ज्यादा इस्तेमाल करने को लेकर डांट लगाई थी, जिससे नाराज होकर लड़की 23 अगस्त की दोपहर घर से बाहर चली गई थी। परंतु देर रात तक जब वह घर नहीं लौटी तो उसके परिजनों ने पुलिस स्टेशन पहुंचकर लापता होने की शिकायत की, परंतु सात दिन बाद लड़की तो लौटकर नहीं आई लेकिन उसका शव जरूर घर पर आया! बुधवार की रात मछली पकड़ने के दौरान एक मछुआरे को गहरे पानी में उसका शव तैरता हुआ दिखाई दिया, तो उसने पेण तालुका के अंतर्गत आने वाले दादर सागरी पुलिस स्टेशन को सूचित किया और मामले की जानकारी दी। पुलिस निरीक्षक अजीत गोले अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर नाव की मदद से शव को बाहर निकाला। कपड़े की वजह से शव की पहचान की गई।




# 105 साल में पहली बार रेलवे को मिली महिला चेयरमैन



*नई दिल्ली। 105 सालों के इतिहास में पहली बार किसी महिला को रेलवे के अध्यक्ष और सीईओ पद पर नियुक्त किया गया है। गुरुवार को जया वर्मा सिन्हा को भारतीय रेलवे का अध्यक्ष और सीईओ बनाया गया है। जया वर्मा सिन्हा 1 सितंबर, 2023 को कार्यभार ग्रहण करेंगी। सिन्हा मौजूदा वक्त में रेलवे बोर्ड में सदस्य (संचालन और व्यवसाय विकास) के रूप में तैनात हैं और उन्होंने भारतीय रेलवे में कम से कम 35 सालों तक सेवा दी है।*

*जया वर्मा सिन्हा प्रतिष्ठित इलाहाबाद विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा रही हैं। वह मूल रूप से भारतीय रेलवे यातायात सेवा 1986 बैच की भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) से जुड़ी हैं। सिन्हा रेलवे बोर्ड के मौजूदा प्रमुख अनिल कुमार लाहोटी का स्थान लेंगी। यहां यह बताना जरूरी है कि विजयलक्ष्मी विश्वनाथन रेलवे बोर्ड की पहली महिला सदस्य थीं, लेकिन जया रेलवे बोर्ड की पहली महिला अध्यक्ष होंगी।*

*जया वर्मा सिन्हा ऐसे समय में बोर्ड का कार्यभार संभालेंगी जब भारतीय रेलवे को केंद्र सरकार से रिकॉर्ड बजटीय आवंटन प्राप्त हुआ है। भारतीय रेलवे को केंद्रीय बजट 2023-24 में 2.4 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत परिव्यय आवंटित किया गया है। यह राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर को अब तक का सबसे अधिक आवंटन है।*

*जया वर्मा सिन्?हा ओडिशा के बालासोर में हुए कोरोमंडल एक्सप्रेस हादसे के समय काफी एक्टिव रहीं। उन्होंने पूरे घटनाक्रम पर अपनी खास नजर रखी। इसके अलावा उन्होंने पीएमओ में भी इस घटना को लेकर पावर प्रजेंटेशन दिया था।*

# प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की कनेक्शनधारी बहनों को गैस रिफिल 450 रूपये में उपलब्ध कराने का निर्णय

## पश्चिम भोपाल बायपास निर्माण के लिये 2 हजार 981 करोड़ 65 लाख रूपये की स्वीकृति

- 1200 करोड़ की 'कायाकल्प योजना' की स्वीकृति
- मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना में वार्षिक आय सीमा अब 8 लाख
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय



**भोपाल।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री निवास 'समत्व भवन' में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रधानमंत्री उज्वला योजना की कनेक्शनधारी बहनों को 4 जुलाई 2023 से 31 अगस्त 2023 तक की अवधि प्राप्त की गई गैस रिफिल 450 रूपये में उपलब्ध करने का निर्णय लिया गया। लगभग 40 लाख गैस रिफिल प्राप्त करने वाली बहनों के आधार लिंक बैंक खाते में प्रति रिफिल लगभग 500 रूपये के मान से राशि का भुगतान किया जाएगा। इस पर लगभग 200 करोड़ रूपये का व्यय संभावित है।

### 1200 करोड़ रूपये की 'कायाकल्प योजना' की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के नगरीय निकायों की सड़कों के उन्नयन और निर्माण के लिये 1200 करोड़ रूपये की ÷कायाकल्प योजना÷ की स्वीकृति प्रदान की गई। नगरीय क्षेत्रों में नागरिकों के सुलभ आवागमन हेतु अच्छी, मजबूत और आरामदेह सड़कों का नेटवर्क उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। इस योजना में निकाय की प्रमुख सड़कों के नवीनीकरण, मजबूतीकरण और निर्माण का कार्य, समयबद्ध कार्यक्रम अनुसार गुणवत्तापूर्ण किया जायेगा। योजना के कार्यों की गुणवत्ता नियंत्रण के लिये नगरीय राज्य क्वालिटी मॉनिटर की नियुक्ति के साथ ही, राज्य, संचालनालय एवं संभाग स्तर पर त्रि-स्तरीय मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी की गयी है।

### मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना में वार्षिक आय सीमा अब 8 लाख

मंत्रि-परिषद ने मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना अन्तर्गत विद्यार्थी के पिता/पालक की वार्षिक आय सीमा 6 लाख रूपये से बढ़ा कर 8 लाख रूपये करने की स्वीकृति प्रदान की।

### पश्चिम भोपाल बायपास के निर्माण के लिये 2,981 करोड़ 65 लाख की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद ने भोपाल शहर के पश्चिम-दक्षिण हिस्से में 40.90 कि.मी. लम्बे पश्चिम भोपाल बायपास का निर्माण 2 हजार 981 करोड़ 65 लाख रूपये लागत से हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल पर किये जाने का निर्णय लिया। इस बायपास मार्ग का चार लेन मय पेव्हड शोल्डर में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा निर्माण किया जायेगा। परियोजना में चार लेन मार्ग के साथ 6 लेन स्ट्रक्चर एवं दोनों ओर दो लेन सर्विस रोड का निर्माण किया जायेगा।

### नवीन अनुविभाग जवा का सृजन

मंत्रि-परिषद द्वारा जिला रीवा में नवीन अनुविभाग जवा का सृजन करने का निर्णय लिया गया। नवीन अनुभाग में तहसील जवा के समस्त पटवारी हल्का 01 से 87 तक कुल 87 पटवारी हल्के शामिल होंगे। जवा अनुविभाग के गठन के बाद अनुविभाग त्योंथर में तहसील त्योंथर के पटवारी हल्के 01 से 100 तक, कुल 100 पटवारी हल्के शेष रहेंगे। जवा के संचालन के लिये अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) का 1, स्टेनो टायपिस्ट का 1, सहायक ग्रेड-2 के 2, सहायक ग्रेड-3 के 3, वाहन चालक का 1 और भृत्य के 4 पद इस प्रकार कुल 12 पद स्वीकृत किये गये है।

### आशा तथा शहरी आशा कार्यकर्ताओं की प्रोत्साहन राशि में वृद्धि

मंत्रि-परिषद द्वारा आशा तथा शहरी आशा कार्यकर्ताओं को उनके द्वारा संपादित की जाने वाली रूटीन गतिविधियों की प्रोत्साहन राशि प्रतिमाह 2 हजार से बढ़ाकर प्रतिमाह 6 हजार रुपये करने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्रतिवर्ष उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के अनुसार (अधिकतम 1000 रूपये की सीमा में) प्रोत्साहन राशि में वृद्धि की गई है। इसके साथ आशा पर्यवेक्षकों को दी जाने वाली दैनिक प्रोत्साहन राशि बढ़ाकर 500 रूपये प्रतिदिन (अधिकतम रुपये 15000 रूपये प्रतिमाह) की गई तथा प्रतिवर्ष समुचित बढ़ोतरी के निर्णय लेने के लिए विभाग को अधिकृत किया गया है। आशा, शहरी आशा और आशा पर्यवेक्षकों की सेवानिवृत्ति के समय दी जाने वाली राशि बढ़ाकर एक लाख रूपये की गई है। आशा, शहरी आशा एवं आशा पर्यवेक्षकों के परिवारों को उनकी कर्तव्य अवधि में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का पात्र परिवार भी माना गया है। मंत्रि-परिषद द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा मध्यप्रदेश जल निगम के माध्यम से रतलाम और छतरपुर के लवकुशनगर में 2 नवीन समूह जल-प्रदाय योजनाएँ स्वीकृत की गई हैं।

# बांध की तलहटी स्थित ओशो फॉरेस्ट में वृक्ष रक्षापर्व के रूप में मनाया गया रक्षाबंधन



**ललितपुर।** गोविन्द सागर बांध ललितपुर की तलहटी में स्थित ओशो फॉरेस्ट के योग स्थल पर मॉर्निंग वॉक डैम ग्रुप ललितपुर के योग साधकों द्वारा वृक्ष रक्षा पर्व के अंतर्गत पेड़-पौधों को रक्षा सूत्र बांध कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने पेड़ों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्हें लगाने उनके संरक्षण पर बल दिया।

वक्ताओं ने बताया कि बांध की तलहटी में जिसको चौड़ाई क्षेत्र के नाम से भी जाना जाता है इस क्षेत्र लगभग पांच हजार पेड़ लगे हुए हैं जिनमे विशेष रूप से आंवला, नीम, जामुन, बांस, कचनार, शीशम, खैर, बबूल, सफेदा, कंजी, छेवला, अर्जुन, आम, इमली, खजूर सहित अनेक पेड़ लगे हुए हैं एवं समय-समय पर लगाये भी जाते हैं जो हमें फल, फूल, औषधि, इमारती एवं जलाऊ लकड़ी के अलावा शुद्ध ऑक्सीजन देते हैं जो मानव जीवन सहित विभिन्न प्राणियों के लिए महत्वपूर्ण हैं। अधिसंख्य मात्रा में घने पेड लगे होने के कारण यहां का तापमान आबादी वाले क्षेत्र से लगभग 5 डिग्री कम रहता है।

इस क्षेत्र में शहर के अनेक लोग मॉर्निंग वॉक पर आते हैं सुरम्य वातावरण में योगा आसान करके स्वास्थ्य लाभ लेतें है। इस अवसर पर बुविसे प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने बताया कि बेशक यहां का प्राकृतिक वातावरण बहुत ही सुंदर है हरयाली हर किसी के मन और तन के लिए बहुत ही आकर्षित करती है फिर भी विभाग की उदासीनता के कारण कुछ असामाजिक तत्व अपनी स्वार्थ पूर्ति हेतु पेड़ों को काटकर अनावश्यक क्षति पहुँचाते रहते हैं।

योग साधकों की जागरूकता से पेड़ -पौधों को बचाने का कार्य निरन्तर किया जा रहा है जिससे यहां की स्थिति सुधरी भी है। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित विभाग समय-समय पर इस जंगल की निगरानी करते रहे तो इसके बिगड़ते स्वरूप को और सुधारा जा सकता है। इस अवसर पर साईं ज्योति सेवा समिति के संचालक अजय श्रीवास्तव ने योग साधकों द्वारा पेड़-पौधों को बचाने की चलाई जा रही मुहिम की सराहना करते हुए उन्हें फूल मालाओं से सम्मानित करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। वृक्ष रक्षा पर्व के कार्यक्रम में स्वामी अनुराग अमर, हरीश कपूर टीटू, आचार्यजी लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, सलीम मंसूरी, अजय श्रीवास्तव, रूप नारायण विश्वकर्मा, अमित सोनी, विजय श्रीवास्तव, इं. हाकिम सिंह राजपूत, मुन्नाराजा चौहान, भरतलाल सेन, राजकुमार कुशवाहा, अनूप श्रीवास्तव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# घर में घुसकर लाठी-डण्डों से मारपीट का आरोप

## पीड़ित ने कोतवाली महरौनी में दिया शिकायती पत्र



**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी क्षेत्र के मोहल्ला लुहरयाना निवासी प्रशान्त पुत्र शालिगराम ने एक शिकायती पत्र महरौनी पुलिस को सौंपा है। शिकायती पत्र में उन्होंने गांव के कुछ लोगों पर घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुये उनके पिता पर लाठी-डण्डों से मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

पीड़ित ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र में बताया कि बीती रात करीब 11 बजे जब वह घर में था तभी पड़ौस में रहने वाले कुछ लोग अपने अज्ञात साथियों के साथ उसके घर के सामने आकर गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर उक्त लोगों द्वारा मकान का गेट तोड़कर घर में घुस आये और उसके पिता के साथ लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। इतना ही नहीं आरोप है कि इस दौरान हमलावरों ने उनके पिता का पैर तोड़ दिया। बताया कि बीच-बचाव करने आये रामकुमार पुत्र पूरन एवं निशान्त पुत्र प्रशान्त और पड़ौसियों ने किसी प्रकार उन्हें बचाया। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया है, जिसमें घायलों को गंभीर चोटें बतायी गयी हैं। पीड़ित ने मामले की जांच कर महरौनी पुलिस से दबंगों के खिलाफ कठोर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

# कोटा से स्थानीय प्रत्याशी की उठी मांग

कोटा। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए कुछ ही महीने शेष हैं लेकिन राजनीतिक दलों ने अब तक अपने प्रत्याशियों के नामों का एलान नहीं किया है हालाँकि इसमामले में बीजेपी ने कुछ सीटों पर प्रत्याशीयों के नाम का एलान सबसे पहले करते हुए राजनीतिक पंडितो को भी चौंका दिया है ,बीजेपी के इस कदम के बाद से आम जनता का समर्थन भी बीजेपी को मिलते देखा जाने लगा है इस पूरे मामले में कोटा विधानसभा क्षेत्र की जनता के मन मे भी एक आस जगी है की निश्चित ही अबकी बार बीजेपी कोटा क्षेत्र में सरल, सहज एवं युवा चेहरे को ही कोटा में भी अपना प्रत्याशी बनाएगी। मतदाताओं का कहना है कि कोटा क्षेत्र में अगर अबकी बार बीजेपी नए युवा और जमीन से जुड़े हुए व्यक्ति को अपना विधायक प्रत्याशी बनाएगी तो निश्चित ही पूरे क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी को अपार जनसमर्थन मिलेगा। मतदाताओं ने बताया कि आज तक बीजेपी कोटा को सही प्रत्याशी नही दे सकने के कारण ही हर चुनाव में काँग्रेस व जेसीसीजे से पिछड़ते रही है हालाँकि कोटा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों का विकास जिस तेजी से होना था उस तरह से अब तक नही हो सका है इसलिए आमजनता को बीजेपी से एक अच्छे और सच्चे मेहनती प्रत्याशी की उम्मीद है हालाँकि बीजेपी से कुछ नाम ऐसे है जो टिकट की दावेदारी पेश करने में पूरी जद्दोजहद करते दिखाई दे रहे लेकिन उन सभी मे युवा व



मिलनसार प्रत्याशी के रूप में संतोष तिवारी का नाम जनता के मुँह पर सबसे पहले आता है क्षेत्र के लोगों का कहना है कि वैसे तो कई लोग विधायक प्रत्याशी की रेस में है लेकिन बीजेपी जिस तरह से प्रत्याशीयों का चयन कर रही है उससे ऐसा लग रहा कि संतोष तिवारी जैसे युवा नेता को जरूर पार्टी अपना प्रत्याशी बना सकती है। तिवारी अगर विधायक प्रत्याशी बनते है तो मतदाताओं का पूरा समर्थन उनको मिल सकता है साथ ही उनके विधायक बनने से क्षेत्र एवं क्षेत्र की जनता के विकास को एक नई गति मिल सकती है

# आगामी विधानसभा चुनाव मद्देनजर पुलिस ने की अवैध शराब पर बड़ी कार्यवाही

## 48 घंटे के अंदर सीधी पुलिस ने पकड़ें 7 आरोपी

**सीधी।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सीधी पुलिस ने 48 घंटे में अन्दर अलग-अलग थानो में 1 लाख 26 हजार 500 रूपये कीमती 294 देषी प्लेन मदिरा एवं 180 लीटर हाँथ भट्ठी महुआ शराब कुल 474 लीटर के साथ आरोपियों को गिरफ्तार करते हुये धारा 34(2) के तहत 7 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए है। पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा के कुशल निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं समस्त अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में तथा थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व मे आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस टीम ने अवैध शराब विक्रेताओ के उपर कार्यवाही करते हुये 474 लीटर देषी प्लेन एवं हाँथ भट्ठी महुआ शराब के साथ किया गया गिरफ्तार



आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा द्वारा अवैध शराब विक्रेताओ के उपर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे। जिस तारतम्य में जिले के अलग अलग थानो में मुखबिर सूचना के आधार पर थाना प्रभारियों द्वारा स्वयं के नेतृत्व में टीम गठित कर रवाना हुये जो टीमो द्वारा मौके से पहुंच कर मुखबिर के बताएं स्थानो पर रेड कार्रवाई की गई तो आरोपियों के कब्जे से 294 लीटर देशी प्लेन शराब एवं 180 लीटर हाँथ भट्ठी महुआ शराब कुल 474 लीटर शराब कीमती 1 लाख 26 हजार 500 रूपये जब्त हुई जिसके संबंध में आरोपियों से वैद्य दस्तावेज की मांग की गई जो कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये। आरोपियों का उक्त कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत दंडनीय पाए जाने पर मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# जिम्मेदार अधिकारियों एवं सफेदपोशों के संरक्षण में दौड रहा भ्रष्टाचार का घोड़ा!

## जिले में आरईएस विभाग का भ्रष्टाचार चरम पर, जिम्मेदार अधिकारियों ने दे रखी है खुली छूट?

**सीधी।** जिले में आरईएस विभाग का भ्रष्टाचार किसी से छिपा हुआ नहीं है। इनके कारनामों को दबाने जिले के जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर सफेदपोसो की अहम भूमिका बनी हुई है जिसके कारण आरईएस के कार्य जमीन पर न होकर ज्यादा हवा-हवाई ही देखने को मिल रहे है। कुसमी जनपद में आरईएस द्वारा बेलहा डैम को पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा है लेकिन वह कार्य अब ठप्प हो चुका है। इस कार्य में आरईएस विभाग और ठेकेदार सहित अन्य अधिकारियों ने जमकर मलाई छानी है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को आरईएस विभाग द्वारा लगातार खोखला किया जा रहा है। इसकी जानकारी जिला पंचायत सीईओ से लेकर कलेक्टर तक को है लेकिन ये आरईएस विभाग द्वारा कराये जा रहे कार्यो पर हस्ताक्षेप करने की जरूरत नही समझ रहे है। अभी आरईएस विभाग द्वारा बेलहा डैम को पुनर्जीवित करने का कार्य कराया जा रहा है जो नदी का पानी बांध में छोड़ना है लेकिन यह परियोजना अब ठंडी पड़ गई है। सूत्रों द्वारा बताया गया कि इस परियोजना के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार आरईएस



विभाग व जिला पंचायत द्वारा किया जा रहा है। लेकिन आरईएस विभाग द्वारा किये जा रहे फर्जीवाड़े की जांच करने की जरूरत जिम्मेदारों द्वारा नही समझी जाती। विभागीय सूत्रों द्वारा बताया गया कि मझौली जनपद की राशि को भी इस परियोजना में लगा दिया है जबकि यह राशि ग्राम पंचायतों के विकास कार्यो के लिए आई हुई थी उस राशि को भी आरईएस विभाग को हस्तांतरित कर दी गई है जिससे मझौली जनपद में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

### पुष्कर धरोहरों का पता नही

आरईएस के कार्यपालन यंत्री द्वारा पुष्कर धरोहर योजना पर पूरी तरह से बट्टा लगा दिया है। आरईएस के कार्यपालन यंत्री द्वारा पुष्कर धरोहरों की मनमानी स्वीकृती दिलवाकर योजना का सत्यानाश करा दिया गया। इस योजना के तहत कुछ चेक डैम व स्टाप डैम की पुताई कराकर उसका जीर्णोद्धार बताकर राशि आहरित की गई इसकी जानकारी सभी अधिकारियों को थी लेकिन राजनैतिक संरक्षण में पल रहे आरईएस के कार्यपालन यंत्री पर किसी तरह की आंच नही आई। वहीं तालाबों के गहरी करण के नाम पर तालाबों की मिट्टी खुदाई करवाकर बेंच कर पैसे भी ले लिए गए उधर बरसात के बाद इस योजना पर ग्रहण लग गया।

### अमृत सरोवरों का निकला दिवाला

आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर हर जिलों में 75 अमृत सरोवर बनने थे जिस पर आरईएस के कार्यपालन यंत्री द्वारा ठेकेदारी खोलते हुए इस योजना के तहत स्टाप डैम एवं तालाबों की मनमानी स्वीकृती प्रदान की गई। जो तालाब पंचायतों द्वारा बनाये गए थे तो वे कुछ हद तक ठीक भी है लेकिन जिनकी एजेंसी आरईएस थी उन तालाबों का हाल पूरी तरह से बेहाल दिख रहा है। इस योजना के तहत जमकर कमीशनबाजी की गई लेकिन किसी भी अधिकारी द्वारा यह देखने की जरूरत नही समझी गई कि यह कार्य कितना गुणवत्ताविहीन है और इस पानी के तहत आसपास की कितनी जमीन सिंचित होगी और भविष्य में इसकी क्या उपयोगिता होगी।

भोपाल तक पहुंच रहा कमीशन आरईएस के भ्रष्टाचार को लेकर जिले से लेकर भोपाल में बैठे अधिकारियों तक को पता है। लेकिन आरईएस के भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए जिले के बड़े अधिकारी एवं जनप्रतिनधियों ने कमस खा ली है। जिसका नतीजा है कि इनके भ्रष्टाचार पर ऊपर के अधिकारियों की नजर नही जा रही है। सूत्रों द्वारा बताया गया कि भ्रष्टाचार की खुली छूट पाने जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के सामने हमेशा नजराना लेकर नतमस्तक देखे गए है।

# छिरौहीं कांड : मृतिका के परिजनों से मिले में कमलेश्वर पटेल

सीधी। सिहावल विधायक एवं पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल बुधवार को सीधी जिले के ग्राम छिरौहीं में पीड़ित परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। श्री पटेल ने कहा कि सीधी जिले सहित प्रदेश में बालिकाओं एवं महिलाओं के साथ अपराधों में निरंतर वृद्धि हो रही है,प्रदेश में कानून व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है। उल्लेखनीय है कि विगत दिवस



आदिवासी नाबालिक के साथ बलात्कार कर हत्या करना घोर निंदनीय व जघन्य अपराध है। श्री पटेल ने पीड़ित के घर जाकर परिजनों से मिलकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की लापरवाही, असंवेदनशीलता एवं निष्ठुरता की निंदा की। विधायक श्री पटेल ने बताया कि मध्यप्रदेश में हैवानियत की इंतेहा हो गई है। प्रदेश में यह मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना है। इस अमानवीय घटना से वहां के लोगों में दहसत व्याप्त हैं। भय के चलते ही पीड़ित के माता-पिता गांव से पलायन कर चुके हैं,गांव के आदिवासी भी वहां से पलायन कर रहे हैं। शासन -प्रशासन के द्वारा पीड़ित परिजनों को अभी तक कोई आर्थिक सहयोग नहीं दिया गया है। विधायक श्री पटेल ने शासन-प्रशासन से इकलौती आदिवासी बालिका के साथ जो अपराध हुआ है, उनके परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता के साथ न्याय प्रदान करने का आग्रह किया है।

# भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार बहनों ने भाई को तिलक लगाकर बांधा रक्षा सूत्र

## सुबह से रक्षाबंधन त्यौहार की रही धूम, शहर से लेकर गांवों तक त्यौहार की दिखी खुशी



सीधी। भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार इस बार भद्रा के चलते दो दिन मनाया जा रहा है। कुछ लोगों ने आज रात 9 बजे के बाद से पवित्र मुहूर्त में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया तो कुछ लोग गुरुवार को मनाएंगे। रक्षाबंधन पर जिले भर में बहनों ने भाइयों को तिलक करके मिठाई खिलाई और उनकी कलाई पर राखी बांधी। भाइयों ने बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। बुधवार को दिन निकलते ही बहनों का घर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। घरों में पकवान बनाए गए। जिले के विभिन्न शहर, कस्बे और गांव में आज रक्षाबंधन के अवसर पर शुभ मुहूर्त में बहने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। इस पर्व का इंतजार बहने लंबे समय से कर रही थीं और कई दिनों पहले से तैयारियों में जुटी थीं। वहीं बाजारों में भी रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर कई दिनों से खासी रौनक दिख रही थी। त्यौहार को लेकर बाजार में जगह-जगह राखियों की दुकानें सजी हुई थीं। बहनों के अपने भाईयों के घर पहुंचने के चलते बसों में भी दो दिनों से काफी भीड़ बनी हुई है।




# ‘जवान’ का जबरदस्त उत्साह, फिल्म रिलीज का जश्न मनाने साथ आएंगे 85,000 प्रशंसक

**फिल्म** ‘जवान’ न सिर्फ शाहरुख खान, बल्कि साल 2023 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार साउथ की जानी-मानी अभिनेत्री नयनतारा के साथ बनी है, जिसे देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित हैं। ‘जवान’ का उत्साह दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। अब खबर है कि 7 सितंबर को शाहरुख के 85,000 से अधिक प्रशंसक फिल्म रिलीज का जश्न मनाने के लिए एक साथ आएंगे।

शाहरुख खान की ‘जवान’ का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म 7 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। जहां 31 अगस्त को रिलीज हुआ ‘जवान’ का ट्रेलर सोशल मीडिया छाया हुआ है तो वहीं अब निमार्ताओं ने भारत में फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू कर दी है। शाहरुख ने खुद एक वीडियो साझा करते हुए इस खबर की पुष्टि की है। बता दें, विदेशों में कुछ समय पहले ही फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई थी।



# शिल्पा शेट्टी ने किया खुलासा.... कभी नहीं हुई टॉप 10 एक्ट्रेस में गिनती



बॉलीवुड की फिटनेस क्वीन कहीं जाने वाली एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने साल 1993 में शाहरुख खान के साथ फिल्म ‘बाजीगर’ से अपने अभिनय की शुरूआत की थी। वो ना सिर्फ अपनी एक्टिंग स्किल्स के लिया बल्कि डांसिंग के लिए भी जानी जाती हैं। बॉलीवुड इंडस्ट्री में शिल्पा का यह 30वां साल है। ऐसे में अब उन्होंने अपने इस लंबे करियर को लेकर काफी कुछ कहा है। शिल्पा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि उन्हें कभी भी टॉप 10 अभिनेत्रियों में नहीं गिना गया।

हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में, शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने ‘जीवन के काव्यात्मक न्याय’ के बारे में बात की। इस दौरान उन्होंने याद किया कि कैसे उन्हें अपने समय की टॉप 10 एक्ट्रेस में कभी नहीं गिना गया था। इसका श्रेय वह उस समय अवसरों की स्पष्ट कमी को देती है। उन्होंने आगे कहा कि जैसे-जैसे समय बदला, उनके पास शिकायत करने के लिए कुछ भी नहीं रहा। इस समय उनके पास जो भी वो उसे महत्व देती हैं। फिर चाहें फिल्म हो या कोई बड़ी सीरीज। इसके साथ ही उन्होंने इस बात को भी स्वीकार किया कि हर किसी की अपनी एक यात्रा होती है। उन्होंने टेलीविजन पर भी अपने लिए एक जगह बनाई है। मेरे ब्रांड अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

# मनीष मल्होत्रा ने किया अपना प्रोडक्शन हाउस लॉन्च, बॉलीवुड हस्तियों ने दी बधाई

बॉलीवुड के जाने-माने फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने अपने प्रोडक्शन हाउस की घोषणा कर दी है। अभी तक वो सेलिब्रिटी फैशन डिजाइनर के तौर पर मशहूर हैं, लेकिन अब उन्होंने फिल्म प्रोडक्शन की दुनिया में भी अपना कदम रख दिया है। इस बात की जानकारी उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करके दी।

मनीष मल्होत्रा ने आज यानी शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर बताया कि वो अपने प्रोडक्शन हाउस ‘स्टेज 5’ के जरिए फिल्म निर्माण में डेब्यू कर रहे हैं। इस पोस्ट के बाद कई एक्टर और एक्ट्रेस ने उन्हें बधाई दी।

मनीष मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर प्रोडक्शन हाउस ‘स्टेज 5’ की घोषणा करते हुए लिखा कि ‘बचपन से ही मेरे मन में कपड़े, रंग और फिल्मों के लिए एक अलग रुचि रही है। मैं कपड़े, उनकी बनावट और संगीत से काफी आकर्षित था। एक दिन भारतीय सिनेमा का हिस्सा बनने की लालसा से मैं हर फिल्म को देखता था। कपड़ों के प्रति आकर्षण ने मुझे एक कॉस्ट्यूम डिजाइनर बनने और फिर कई सालों के बाद अपना लेबल शुरू करने के लिए प्रेरित किया। फिल्मों में 3 दशक बिताने के बाद आज मैं आपके लिए ‘स्टेज 5 प्रोडक्शन’ पेश कर रहा हूं।

मनीष की इस घोषणा के बाद, उन्हें करीना कपूर खान, काजोल, करण जौहर समेत कई बॉलीवुड हस्तियों ने बधाई दी है। करीना कपूर खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, ‘तुम्हारे लिए बहुत खुश हूं मेरे प्यारे मनु, लव यू। तुम सबसे अच्छे हो।’

करण जौहर ने लिखा कि ‘आप खूब तरक्की करो। फैशन जगत का आप एक बड़ा नाम हैं। फिल्में आपका जुनून हैं, स्टेज 5 भी इसी जुनून का प्रमाण होगा। आपको इस सफर में आगे बढ़ते हुए देखने का इंतजार है।’ अभिनेत्री काजोल ने मनीष को ताली बजाने वाली इमोजी के साथ बधाई दी है। इसके साथ ही मलाइका अरोड़ा, जाह्नवी कपूर, एकता कपूर जैसे कई लोगों ने उनको बधाई दी है मनीष मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर प्रोडक्शन हाउस ‘स्टेज 5’ की घोषणा करते हुए लिखा कि ‘बचपन से ही मेरे मन में कपड़े, रंग और फिल्मों के लिए एक अलग रुचि रही है। मैं कपड़े, उनकी बनावट और संगीत से काफी आकर्षित था। एक दिन भारतीय सिनेमा का हिस्सा बनने की लालसा से मैं हर फिल्म को देखता था।



कपड़ों के प्रति आकर्षण ने मुझे एक कॉस्ट्यूम डिजाइनर बनने और फिर कई सालों के बाद अपना लेबल शुरू करने के लिए प्रेरित किया। फिल्मों में 3 दशक बिताने के बाद आज मैं आपके लिए ‘स्टेज 5 प्रोडक्शन’ पेश कर रहा हूं।

मनीष की इस घोषणा के बाद, उन्हें करीना कपूर खान, काजोल, करण जौहर समेत कई बॉलीवुड हस्तियों ने बधाई दी है। करीना कपूर खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, ‘तुम्हारे लिए बहुत खुश हूं मेरे प्यारे मनु, लव यू। तुम सबसे अच्छे हो।’

करण जौहर ने लिखा कि ‘आप खूब तरक्की करो। फैशन जगत का आप एक बड़ा नाम हैं। फिल्में आपका जुनून हैं, स्टेज 5 भी इसी जुनून का प्रमाण होगा। आपको इस सफर में आगे बढ़ते हुए देखने का इंतजार है।’ अभिनेत्री काजोल ने मनीष को ताली बजाने वाली इमोजी के साथ बधाई दी है। इसके साथ ही मलाइका अरोड़ा, जाह्नवी कपूर, एकता कपूर जैसे कई लोगों ने उनको बधाई दी है।

इस बीच, मनीष मल्होत्रा ने बताया कि वह महान बॉलीवुड अभिनेत्री मीना कुमारी के जीवन पर आधारित एक बायोपिक का निर्देशन करेंगे। वह इस फिल्म से अपने निर्देशन की शुरूआत करेंगे, जिसमें कृति सेनन मुख्य भूमिका में हैं।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .